दिन—गुरूवार दिनांक— 18 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि — 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने भारत औद्योगिक विकास योजना भव्या को मंजूरी दी। इसके तहत देशभर के सौ शहरों में औद्योगिक पार्कों का विकास किया जाएगा।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के तहत आज जमुई और नवादा जिले में एक हजार दो सौ तेरह करोड़ रूपये की चार सौ अट्ठाईस परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

03. मध्य प्रदेश के इंदौर में भीषण अग्निकांड में किशनगंज के रहने वाले एक ही परिवार के छह लोगों की मौत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

04 और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, बांका समेत राज्य के विभिन्न भागों में तेज आंधी और वज्रपात की आशंका जताई।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने भारत औद्योगिक विकास योजना भव्या को मंजूरी दे दी है। इसके तहत देशभर में एक सौ प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्कों के विकास का कार्य किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज नई दिल्ली में हुई बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसके लिए कैबिनेट ने तैंतीस हजार सात सौ साठ करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी है।

———साउंड बाइट———

इससे पटना के बिहटा, गयाजी समेत प्रदेश के अन्य स्थानों पर बन रहे औद्योगिक पार्कों के विकास में काफी सहयोग मिलेगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के तहत जमुई जिले में तीन सौ बारह करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ नवासी योजनाओं का शिलान्यास और छह सौ दो करोड़ रूपये लागत वाली एक सौ इक्यासी योजनाओं का उद्घाटन किया। श्री कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए दोहराया कि राज्य सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देगी।

———साउंड बाइट———

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने नवादा जिले में पचपन करोड़ रूपये की लागत से निर्मित सैंतीस योजनाओं का उद्‌घाटन के साथ ही दो सौ चौवालीस करोड़ रूपये की इक्कीस योजनाओं का शिलान्यास किया। नवादा की सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र के सहयोग से राज्य का विकास हो रहा है।

———साउंड बाइट———

————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि रोजगार के लिए लोगों को राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। समृद्धि यात्रा के दौरान जमुई में सभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि जल्द ही यहां छह हजार करोड़ रुपये की लागत से स्टील प्लांट स्थापित किया जाएगा।

———साउंड बाइट———

————————————————————————

बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बिजली दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया है। आयोग ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए कहा कि एक अप्रैल से मौजूदा दरें ही लागू रहेंगी। आयोग ने बिजली कंपनी के सभी श्रेणियों में पैंतीस पैसे प्रति यूनिट वृद्धि का प्रस्ताव खारिज कर दिया है। विनियामक आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक समान दर लागू की जायेगी। साथ ही घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक ही स्लैब लागू होगा।

————————————————————————

योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा है कि सटीक आंकड़ों और वैज्ञानिक योजना के आधार पर विकास योजनाएं लागू कर विकसित बिहार का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। श्री यादव आज पटना में पर्यावरण लेखांकन और जेंडर सांख्यिकी पर आयोजित कार्यशाला के उद्‌घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। कार्यशाला का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों की निगरानी के लिए तंत्र विकसित करना और राज्यों की सांख्यिकी क्षमता को सुदृढ़ बनाकर विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है। कार्यशाला को केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग, राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत समेत अनेक गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।

————————————————————————

मध्य प्रदेश के इंदौर में भीषण अग्निकांड में किशनगंज के रहने वाले एक ही परिवार के छह लोगों समेत आठ लोगों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि बंगाली चौराहा स्थित एक कॉलोनी में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान शॉट सर्किट से मकान में आग लगी। बाद में घर में रखे गैस सिलेंडर की चपेट में आने से आग और भी विकराल हो गयी। हालांकि आधिकारिक तौर पर घटना के कारणों की पुष्टि नहीं हुयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषना की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवदेना व्यक्त की है।

——————————————————————

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन को बीस प्रतिशत से बढ़ाकर तीस प्रतिशत करने का आह्वान किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी।

———साउंड बाइट———

श्रीमती शर्मा ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इस दिशा में आग्रह किया गया है। उन्होंने भविष्य में एलपीजी की खपत कम करने, पीएनजी की पहुंच बढ़ाने और वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन में दस प्रतिशत की वृद्धि के लिए पात्रता सुनिश्चित करने के विभिन्न सुधारों का आह्वान किया।

——————————————————————

भारतीय मालवाहक जहाज **'जग लाडकी'** कच्चे तेल की एक बड़ी खेप लेकर आज सुबह गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा। यह जहाज संयुक्त अरब अमीरात से लगभग इक्यासी हजार मीट्रिक टन उच्च गुणवत्ता वाला तेल लेकर आया है। इससे पहले दो मालवाहक जहाज **'शिवालिक'** और **'नंदादेवी'** मुंद्रा और वडीनार बंदरगाह पर पहुंच चुके हैं। बंदरगाह पर तेल को रिफाइनरियों तक पहुंचाए जाने की व्यवस्था की जा रही है।

——————————————————————

राज्यसभा के उपसभापित हरिवंश नारायण सिंह समेत उनसठ सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इनमें नौ महिला सांसद शामिल हैं। आज इन सभी को सदन में विदाई दी गयी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में इन सभी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं आता है।

———साउंड बाइट———

ये राजनीति में तो फुलस्टोप नहीं होता है। भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है और आपका अनुभव आपका योगदान राष्ट्रीय जीवन में हमेशा—हमेशा बना रहेगा। आदरणीय देवगौड़ा जी, आदरणीय खरगे जी, आदरणीय शरद पवार जी ये ऐसे वरिष्ठ लोग हैं, जिनके जीवन का आधे से अधिक उम्र संसदीय कार्य प्रणाली में गई है।

प्रधानमंत्री ने उपसभापति हरिवंश के सदन में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सदन को चलाने में सबका विश्वास जीतने का उनका तरीका अत्यंत सराहनीय रहा है।

———साउंड बाइट———

हरिवंश जी को लंबे समय तक इस सदन में अपने जिम्मेवारी निभाने का अवसर मिला है। बहुत ही मृदुभाषी सदन को चलाने में सबका विश्वास जीतने का निरंतर जिन्होंने प्रयास किया।

————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री पांडेय ने कहा कि बच्चों के संपूर्ण मानसिक और शारीरिक विकास के आधार पर ही एक स्वस्थ बिहार की परिकल्पना पूरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार हर स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रही है।

————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटो के दौरान राज्य के उत्तर—मध्य और उत्तर—पूर्व भागों के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश दर्ज की गयी है। इधर, पटना और आस—पास के इलाके में तेज धूप के कारण दिन के तापमान में औसतन तीन—चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान मे कहा है कि कल के बाद चक्रवातीय परिसंचरण के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम में परिवर्तन की संभावना है। इस दौरान राज्य के उत्तर—मध्य, उत्तर—पूर्व और दक्षिण—पूर्व भागों में कई स्थानों पर तेज आंधी और वज्रपात की आशंका है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

————————————————————

दूर संचार विभाग, संचार मंत्रालय, बिहार की ओर से पटना में प्वाइंट ऑफ सेल और विद्युत चुंबकीय विकिरण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें लगभग सौ प्रतिभागियों ने भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। दूर संचार विभाग के उपमहानिदेशक गुलाब चंद्र राय ने साइबर धोखाधड़ी पर अंकुश के लिए पीओएस द्वारा डॉट मानकों का कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पटना में एक अणे मार्ग स्थित आवास पर आज दावत–ए–इफ्तार का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्य सरकार के कई मंत्री, विधायक, पार्षद और अन्य गणमान्य लोगों ने इफ्तार पार्टी में शिरकत की। बड़ी संख्या में रोजेदार भी इस आयोजन में शामिल हुए।

———————————————————

बिहार विधान परिषद के सचिव अखिलेश कुमार झा को आज परिषद के उपभवन सभागार में आयोजित समारोह में विदाई दी गयी। श्री अखिलेश कुमार सीतामढ़ी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाए गये हैं। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने उन्हें गुलदस्ता और उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

———————————————————

सहकारिता विभाग की ओर से पटना में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पैक्सों के माध्यम से बिहार के गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के विषय पर चर्चा की गयी। कार्यशाला में सौ से अधिक पैक्सों और एफपीओ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

———————————————————

गया के जिलाधिकारी शशांक शुंभकर के नेतृत्व में फतेहपुर प्रखंड के पूर्वी बाथन गांव में छापेमारी कर ईंट भट्ठा में कार्य कर रहे बासठ बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराया गया है। इनमें कई छोटे बच्चे भी शामिल हैं। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के कुमारबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआवा गांव में एक आरोपी को गिरफ्तार करने गयी पुलिस टीम पर आक्रोशित ग्रामीणों ने हमला कर दिया।

इस दौरान पुलिस वाहन में तोड़फोड़ भी की गयी। इलाके में तनाव को देखते हुए रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को तैनात किया गया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. केंद्र सरकार ने भारत औद्योगिक विकास योजना भव्या को मंजूरी दी। इसके तहत देशभर के सौ शहरों में औद्योगिक पार्कों का विकास किया जाएगा।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के तहत आज जमुई और नवादा जिले में एक हजार दो सौ तेरह करोड़ रूपये की चार सौ अट्ठाईस परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

03. मध्य प्रदेश के इंदौर में भीषण अग्निकांड में किशनगंज के रहने वाले एक ही परिवार के छह लोगों की मौत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

04 और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, बांका समेत राज्य के विभिन्न भागों में तेज आंधी और वज्रपात की आशंका जताई।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।